www.prepp.in

Test Booklet Code & Serial No. | **C**

प्रश्नपत्रिका कोड व क्रमांक

# Paper-II

# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ..........................................

   (Name) ..........................................

2. (Signature) ..........................................

   (Name) ..........................................

Seat No. | | | | | | |

(In figures as in Admit Card)

Seat No. ..............................................................

(In words)

OMR Sheet No. | | | | | | |

(To be filled by the Candidate)

**APR - 02217**

**Time Allowed : 1¼ Hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **12** Number of Questions in this Booklet : **50**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **50** objective type questions. Each question will carry *two* marks. *All* questions of Paper-II will be compulsory, covering entire syllabus (including all electives, without options).
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.
   (*ii*) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to missing pages/questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.**
   (*iii*) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** where (C) is the correct response.
   (A) (B) ● (D)
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marking for incorrect answers.**

**विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना**

1. परिक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत 50 बहुपर्यायी प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे. सदरचे प्रश्न हे या विषयाच्या संपूर्ण अभ्यासक्रमावर आधारित आहेत.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनीटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात.
   (*i*) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्विकारू नये.
   (*ii*) **पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/प्रश्नांचा चूकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी. त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया विद्यार्थ्यांनी नोंद घ्यावी.**
   (*iii*) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा नंबर लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळा/निळा करावा.
   **उदा. :** जर (C) हे योग्य उत्तर असेल तर.
   (A) (B) ● (D)
5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत.** इतर ठिकाणी लिहीलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. वर नमूद केलेल्या ठिकाणा व्यतिरीक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गांचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापी, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. **फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.**
11. **कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.**
12. **चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.**

www.prepp.in

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



# Hindi
## Paper II
# हिंदी
## प्रश्नपत्र II

**Time Allowed : 75 Minutes]** **[Maximum Marks : 100**

**सूचनाएँ :** (*i*) इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।

(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं ।

(*iii*) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. केदारनाथ अग्रवाल की काव्य-रचनाओं का **संगत** वर्ग है :
   (A) हे मेरी तुम, पंख और पतवार, आग का आइना, लोक और आलोक
   (B) तुम ने कहा था, पंख और पतवार, हे मेरी तुम, आग का आइना
   (C) जीवन के गान, आग का आइना, हे मेरी तुम, लोक और आलोक
   (D) राह के दीपक, लोक और आलोक, हे मेरी तुम, आग का आइना

2. सियारामशरण गुप्त की काव्य-रचनाओं का **संगत** वर्ग है :
   (A) पथिक, दैनिकी, देवसभा, देवदूत
   (B) देवसभा, नोआखाली, देवदूत, जयहिंद
   (C) देवदूत, नकुल, पथिक, जयहिंद
   (D) दैनिकी, नकुल, नोआखाली, जयहिंद

3. श्रीधर पाठक की रचनाओं का **संगत** वर्ग है :
   (A) विकटभट, कृष्ण शतक, जयभारत, गोखले प्रशस्ति
   (B) कृष्ण शतक, गोखले प्रशस्ति, जयभारत, विकटभट
   (C) जयभारत, विकटभट, देहरादून, भारत गीत
   (D) गोखले प्रशस्ति, देहरादून, गोपिका गीत, भारत गीत

4. भिखारीदास की रचनाओं का **सही** वर्ग है :
   (A) साहित्यसार, काव्य निर्णय, अमरकोश, गंगालहरी
   (B) गंगालहरी, साहित्यसार, काव्यनिर्णय, अलंकारगंगा
   (C) काव्यनिर्णय, रस सारांश, श्रृंगारनिर्णय, विष्णुपुराण
   (D) छंद विचार पिंगल, रस गंगाधर, साहित्यसार, विष्णुपुराण

5. लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों का **संगत** वर्ग है :
   (A) दशरथनंदन, मिस्टर अभिमन्यु, अंधाकुआँ, एक सत्य हरिश्चंद्र
   (B) टगर, अंधाकुआँ, करफ्यू, दशरथनंदन
   (C) अंधाकुआँ, मिस्टर अभिमन्यु, एक सत्य हरिश्चंद्र, करफ्यू
   (D) नयेहाथ, अंधाकुआँ, एक सत्य हरिश्चंद्र, करफ्यू

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



6. उमर खैयाम की रुबाइयों से प्रेरित होकर लेखन करने वाले लेखकों का कालक्रमानुसार **सही** अनुक्रम है :
   (A) सुमित्रानंदन पंत, भगवतीचरण वर्मा, हरिवंशराय बच्चन, मैथिलीशरण गुप्त
   (B) मैथिलीशरण गुप्त, भगवतीचरण वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, हरिवंशराय बच्चन
   (C) मैथिलीशरण गुप्त, सुमित्रानंदन पंत, भगवतीचरण वर्मा, हरिवंशराय बच्चन
   (D) भगतवतीचरण वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त, हरिवंशराय बच्चन

7. वृंदावनलाल वर्मा के नाटकों का उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम है :
   (A) राखी की लाज, बाँस की फाँस, खिलौने की खोज, निस्तार
   (B) बाँस की फाँस, खिलौने की खोज, निस्तार, राखी की लाज
   (C) निस्तार, बाँस की फाँस, राखी की लाज, खिलौने की खोज
   (D) खिलौने की खोज, राखी की लाज, बाँस की फाँस, निस्तार

8. जैनेंद्रकुमार के निबंध-संग्रहों का **संगत** वर्ग है :
   (A) साहित्य का श्रेय और प्रेय, मंथन, कल्पना और साहित्य, जैनेंद्र के विचार
   (B) जड़ की बात, जैनेंद्र के विचार, दृष्टिकोण, सामायिकी
   (C) संस्कृति और साहित्य, साहित्य की झाँकी, जड़ की बात, मंथन
   (D) जड़ की बात, साहित्य का श्रेय और प्रेय, सोच-विचार, मंथन

9. प्रकाशन काल की दृष्टि से राजेंद्र यादव के उपन्यासों का **सही** अनुक्रम है :
   (A) उखड़े हुए लोग, प्रेत बोलते हैं, अनदेखे अनजान पुल, कुलटा
   (B) प्रेत बोलते हैं, उखड़े हुए लोग, कुलटा, अनदेखे अनजान पुल
   (C) कुलटा, उखड़े हुए लोग, प्रेत बोलते हैं, अनदेखे अनजान पुल
   (D) अनदेखे अनजान पुल, कुलटा, उखड़े हुए लोग, प्रेत बोलते हैं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



10. जगदीशचंद्र माथुर की एकांकी रचनाओं का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) भोर का तारा, मकड़ी का जाला, खिड़की की राह, शारदीय

(B) मकड़ी का जाला, खिड़की की राह, भोर का तारा, शारदीय

(C) शारदीय, भोर का तारा, मकड़ी का जाला, खिड़की की राह

(D) शारदीय, खिड़की की राह, मकड़ी का जाला, भोर का तारा

11. निम्नलिखित विचारकों को उनके सिद्धांतों के साथ सुमेलित कीजिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | कॉलरिज | (1) | परंपरा |
| (*b*) | रिचर्ड्स | (2) | विखंडन |
| (*c*) | इलियट | (3) | कल्पना |
| (*d*) | जॉक देरिदा | (4) | संप्रेषण |
| | | (5) | संरचना |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

**कूट :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (B) | (5) | (2) | (4) | (1) |
| (C) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (D) | (5) | (4) | (2) | (1) |

12. निम्नलिखित शब्दों को उनकी भाषाओं के साथ सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | तौलिया | (1) | फ्रांसीसी |
| (*b*) | तुरुप | (2) | फारसी |
| (*c*) | चाय | (3) | पुर्तगाली |
| (*d*) | मोरचा | (4) | चीनी |
| | | (5) | डच |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

**कूट :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (5) | (4) | (2) |
| (B) | (2) | (4) | (3) | (5) |
| (C) | (5) | (4) | (3) | (2) |
| (D) | (1) | (3) | (4) | (5) |

13. निम्नलिखित लेखों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | साहित्य की महत्ता | (1) | नंददुलारे वाजपेयी |
| (*b*) | कविता क्या है | (2) | महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| (*c*) | साहित्य और लोकजीवन | (3) | रामचंद्र शुक्ल |
| (*d*) | साहित्य का प्रयोजन : आत्मानुभूति | (4) | रामविलास शर्मा |
| | | (5) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

**कूट :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (4) | (5) | (2) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (4) | (5) | (1) | (2) |
| (D) | (3) | (1) | (2) | (4) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



14. गोदान के पात्रों को उनके पेशों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | पं. ओंकारनाथ | (1) | बीमा एजेंट |
| (*b*) | मिस्टर मेहता | (2) | बैंक मैनेजर |
| (*c*) | श्याम बिहारी तेखा | (3) | डॉक्टर |
| (*d*) | मिस्टर खन्ना | (4) | दर्शन के अध्यापक |
| | | (5) | संपादक |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

**कूट :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (4) | (1) | (2) |
| (B) | (4) | (3) | (2) | (1) |
| (C) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (D) | (5) | (4) | (2) | (1) |

15. निम्नलिखित एकांकी नाटकों को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | चारुमित्रा | (1) | जगदीशचंद्र माथुर |
| (*b*) | कलिंग विजय | (2) | सेठ गोविंददास |
| (*c*) | वह फिर आयी थी | (3) | भगवतीचरण वर्मा |
| (*d*) | तेग बहादुर की भविष्यवाणी | (4) | रामकुमार वर्मा |
| | | (5) | गणेश प्रसाद द्विवेदी |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

**कूट :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (3) | (4) | (5) |
| (B) | (5) | (1) | (2) | (4) |
| (C) | (4) | (1) | (5) | (2) |
| (D) | (4) | (2) | (1) | (5) |

16. **स्थापना:** साहित्य का इतिहास जनता की चित्तवृत्तियों का प्रतिबिंब होता है।

**तर्क** : उसी के माध्यम से जातीय परंपरा और सामाजिक स्थिति का विश्वस्त विवेचन किया जाता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही, तर्क गलत।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(C) तर्क सही, स्थापना गलत।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

17. **स्थापना:** अष्टछापी कवियों के अनुसार कृष्ण का लीला, पुरुषोत्तम रूप सर्वश्रेष्ठ है।

**तर्क** : कृष्ण योग साधना का संदेश देते हैं।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही, तर्क गलत।

(B) स्थापना गलत, तर्क सही।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही।

www.prepp.in



18. **स्थापना** : धर्मांतरण रोकने का प्रथम प्रयास स्वामी रामानंद ने किया ।

**तर्क** : हरि को भजै सो हरि का होय।
जाति पांति पूछै ना कोय।।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही, तर्क गलत।

(B) तर्क सही, स्थापना गलत।

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

19. **स्थापना** : आचार्य भिखारीदास सर्वांग निरूपक आचार्य थे।

**तर्क** : आचार्य भिखारीदास ने सब काव्यांगों का औरों से अधिक एवं विस्तृत प्रतिपादन किया है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(B) स्थापना सही, तर्क गलत।

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(D) स्थापना गलत, तर्क सही।

20. **स्थापना** : प्रत्यभिज्ञान में थोड़ा सा अंश प्रत्यक्ष होता है और बहुत-सा अंश उसी के संबंध से स्मरण द्वारा उपस्थित होता है।

**तर्क** : प्रत्यभिज्ञ की व्यंजना किसी व्यक्ति को देख पूर्व मिलन को स्मरण करने में होती है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही, तर्क गलत।

(B) स्थापना गलत, तर्क सही।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



21. भारत में प्रचलित प्राचीनतम लिपि थी :

(A) खरोष्ठी

(B) गुप्त लिपि

(C) कुटिल लिपि

(D) नागरी लिपि

22. स्वतंत्रता-आंदोलन के समय दक्षिण में हिंदी भाषा प्रचार-आंदोलन का केंद्र रहा है :

(A) हैदराबाद

(B) मद्रास

(C) बंगलौर

(D) त्रिवेंद्रम

23. वाक्य में प्रयुक्त होने से शब्द की सत्ता हो जाती है :

(A) पदबंध

(B) ध्वन्यार्थ

(C) पद

(D) अक्षर

24. इनमें से कौनसा आधुनिकता का अभिलक्षण **नहीं** है ?

(A) वैयक्तिकता

(B) मुक्ति

(C) धर्मनिरपेक्षता

(D) सामंती बोध

25. एजरा पाउंड ने किस सिद्धांत को सर्वाधिक महत्त्व दिया है ?

(A) प्रतीकवाद

(B) मार्क्सवाद

(C) बिंबवाद

(D) अस्तित्ववाद

26. इनमें से कौन भरतमुनि के रससूत्र का व्याख्याकार **नहीं** है ?

(A) आचार्य भट्ट लोल्लट

(B) आचार्य भट्टनायक

(C) आचार्य आनंदवर्धन

(D) आचार्य अभिनवगुप्त

27. इनमें से कौनसी रचना धर्मवीर भारती की **नहीं** है ?

(A) हम विषपायी जनम के

(B) सात गीत वर्ष

(C) सपना अभी भी

(D) कनुप्रिया

28. इनमें से किस कवि को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार **नहीं** मिला ?

(A) सुमित्रानंदन पंत

(B) निराला

(C) महादेवी वर्मा

(D) दिनकर

29. सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की एक कविता किस नदी पर आधारित है ?

(A) गंडक नदी

(B) कुआनो नदी

(C) गंगा नदी

(D) चंबल नदी

30. 'हिंदी प्रदीप' के संपादक कौन थे ?

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) जगमोहन सिंह

(C) प्रतापनारायण मिश्र

(D) प्रेमघन

31. कौनसा कवि भारतेंदु-मंडल में था ?

(A) श्रीधर पाठक

(B) रामचरित उपाध्याय

(C) ठाकुर जगमोहन सिंह

(D) अयोध्यासिंह उपाध्याय

32. 'सरस्वती' पत्रिका के प्रकाशक कौन थे ?

(A) नागरी प्रचारिणी सभा, काशी

(B) लीडर प्रेस

(C) सरस्वती प्रेस

(D) हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

33. इनमें से रचनाकाल की दृष्टि से कौनसा कवि द्विवेदी युग का **नहीं** है ?

(A) रामचरित उपाध्याय

(B) रूपनारायण पांडेय

(C) लोचन प्रसाद पांडेय

(D) श्यामनारायण पांडेय

34. इनमें से कौनसी प्रबंध रचना मैथिलीशरण गुप्त की **नहीं** है ?

(A) जयद्रथ वध

(B) उर्मिला

(C) विष्णुप्रिया

(D) साकेत

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



35. छायावाद को अन्योक्ति पद्धति किसने माना ?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) डॉ. नगेंद्र

36. इनमें से जयशंकर प्रसाद की कौनसी लंबी कविता है ?

(A) किरण
(B) झरना
(C) वसंत की प्रतीक्षा
(D) पेशोला की प्रतिध्वनि

37. इनमें से किस महाकाव्य में आधुनिक सभ्यता की विसंगतियों पर प्रखर काव्यात्मक आक्रमण हुआ है ?

(A) नूरजहाँ
(B) साकेत
(C) कामायनी
(D) हल्दीघाटी

38. 'तहुवस्तुस्पर्शिनी प्रतिभा निरालाजी में है' – किसका कथन है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) नंददुलारे वाजपेयी
(C) रामविलास शर्मा
(D) नगेंद्र

39. कामायनी में 'वसंत का दूत' का संबोधन किसे दिया गया है ?

(A) मनु
(B) श्रद्धा
(C) लज्जा
(D) इड़ा

40. इनमें से कौन राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्य धारा के कवि **नहीं** हैं ?

(A) श्यामनारायण पांडेय
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) बच्चन
(D) दिनकर

41. इनमें से कौन 'दूसरा सप्तक' का कवि है ?

(A) अज्ञेय
(B) मुक्तिबोध
(C) रघुवीर सहाय
(D) रामविलास शर्मा

42. 'कामायनी' का मूल दर्शन क्या है ?

(A) मार्क्सवाद
(B) अस्तित्ववाद
(C) प्रत्यभिज्ञा
(D) विशिष्टाद्वैत

43. 'अपनी ख़बर' किस लेखक की आत्मकथा है ?

(A) यशपाल
(B) निर्मल वर्मा
(C) भीष्म साहनी
(D) पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



44. इनमें से डॉ. रामविलास शर्मा की रचना **नहीं** है :

(A) मानव सभ्यता का विकास

(B) लोक जीवन और साहित्य

(C) कथा विवेचन और गद्य शिल्प

(D) आधुनिक हिंदी काव्य में रूप और विधाएँ

45. रईस राहुकार मदन मोहन की अंग्रेजी सभ्यता की नकल का चित्रण किस उपन्यास में किया गया है ?

(A) परीक्षा गुरु

(B) नूतन ब्रह्मचारी

(C) श्यामा स्वप्न

(D) निस्सहाय हिंदू

46. हिंदी की तीन शैलियों का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) सधुक्कड़ी, अवधी, मागधी

(B) कौरवी, ब्रज, मैथिली

(C) हिंदी, उर्दू, हिंदुस्तानी

(D) पहाड़ी, राजस्थानी, हरियाणवी

47. भारतेंदु की काव्य-रचनाओं का **संगत** वर्ग है :

(A) प्रेमपुष्पावली, मानसोपायन, उरेहना, चतुरंग

(B) चतुरंग, उरेहना, बसंत होली, मानसोपायन

(C) बरहमन, उरेहना, प्रेमपुष्पावली, मानसोपायन

(D) मन की लहर, मानसोपायन, उरेहना, चतुरंग

48. हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंध-संग्रहों का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) अशोक के फूल, विचार और वितर्क, कल्पलता, गंधमादन

(B) अशोक के फूल, विचार प्रवाह, कल्पलता, कुटज

(C) अशोक के फूल, विचार और वितर्क, भोर का आवाहन, प्रियानीलकंठी

(D) अशोक के फूल, विचार और वितर्क, रस आखेटक, छितवन की छाँह

49. प्रबंधकाव्य की दृष्टि से **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) मधुमालती, जहाँगीर जसचंद्रिका, बेलिक्रिसन रुकमिणीरी, बीसलदेव रासो

(B) मधुमालती, जहाँगीर जसचंद्रिका, आखरी कलाम, बीसलदेव रासो

(C) मधुमालती, जहाँगीर जसचंद्रिका, रामाज्ञा प्रश्न, वर्षा विनोद

(D) मधुमालती, जहाँगीर जसचंद्रिका, आखरी कलाम, सूरसारावली

50. भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र की एकांकी रचनाओं का **संगत** वर्ग है :

(A) विवाह के दिन, चिलमन, मृत्यु, आदमखोर

(B) चिलमन, आदमखोर, सूखी डाली, मृत्यु

(C) प्रतिभा का विवाह, मृत्यु, आदमखोर, रोशनी और आग

(D) सूखी डाली, मृत्यु, प्रतिभा का विवाह, आदमखोर

www.prepp.in



## ROUGH WORK